# मध्य प्रदेश ट्रेड पोर्टल और एक्सपोर्ट हेल्पलाइन

## चर्चा में क्यों?

22 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने **वाणिज्य उत्सव 2021** में **मध्य प्रदेश इंडियाज इमर्ज़िंग एक्सपोर्ट टाइगर कॉन्क्लेव** में एम.पी. ट्रेड पोर्टल और एक्सपोर्ट हेल्पलाइन का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश में निर्यात से संबंधित नए अवसरों को तलाशने के लिये यह एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव भारत सरकार के वाणिज्य विभाग तथा प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग का संयुक्त आयोजन था।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न 'डिस्ट्रिक्ट एज एक्सपोर्ट हब' को ध्यान में रखते हुए राज्य में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक ज़िले में भी एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी गठित की जाएगी। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने का कार्य करेगी।
- इसी प्रकार मध्य प्रदेश ट्रेड पोर्टल औद्योगिक इकाइयों तथा निर्यातकों के लिये निर्यात से जुड़ी तकनीकों को समझाने और निर्यातकों को विश्व के प्रमुख आयातकों से जोड़ने में सेतु का कार्य करेगा। एक्सपोर्ट हेल्पलाइन के माध्यम से निर्यातकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा सकेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय स्तर पर भी निर्यात की गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। निर्यात की संभावनाओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय मार्केट सर्वे और वहाँ की मांग, उत्पाद की गुणवत्ता पर ध्यान और उत्कर्ष वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक ज़िले को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित किये जाने का प्रयास है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-trade-portal-and-export-helpline